




नवभारत
सतना, शनिवार 04 अप्रैल, 2026


# जिले में सुबह से छाये रहे बादल और दोपहर हुई बूंदाबांदी

## फसलों को लेकर किसान चिंतित, अधिकतम तापमान 34 .6 डिग्री, बारिश की चेतावनी



**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 3 अप्रैल, पिछले एक सप्ताह से मौसम का मिजाज बदला हुआ है लगातार बादलो के लुका छिपी और बूंदाबांदी से किसान गेंहू की फसल को लेकर चिंतित है. सुबह से बादल छाये हुए थे और दोपहर बूंदाबांदी हुई. जबकि जिले के कई हिस्सो में तेज बौछारे पड़ी. इस समय किसान गेंहू की कटाई में लगा हुआ है बेमौसम बारिश को देखते हुए मशीन से कटाई युद्ध स्तर पर जारी है. मौसम विभाग की माने तो 24 घंटे के अंदर तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि की संभावना है.**

दरअसल जिले भर में गेंहू की फसल पक कर तैयार है और आंधी-बारिश के साथ ओलावृष्टि को लेकर किसान ड्रा हुआ है. जब फसलो को पानी चाहिए था तब बारिश नही हुई और अब फसल पूरी पक कर तैयार है तो मौसम कहर ढ़ा रहा है. एक सप्ताह के अंदर कई बार अलग-अलग हिस्सो में बारिश हुई. सुबह घने बादल छाये हुए थे और दोपहर को बूंदाबांदी हुई. हालाकि शहरी क्षेत्र के आसपास तेज बारिश नही हुई, लेकिन जिले के कुछ ग्रामीण हिस्सो में तेज बौछारे पड़ी है,

हालाकि कोई नुकसान नही हुआ है. मौसम विभाग ने ओलावृष्टि के साथ बारिश की संभावना जताई है. तापमान में भी परिवर्तन देखने को मिला है. दिन का अधिकतम तापमान घट कर 34.6 डिग्री पहुंच गया है तो वही रात का न्यूनतम तापमान 23.8 पर है. जबकि इसके पहले तापमान 38 डिग्री तक पहुंच चुका था. आसपास हुई बूंदाबांदी के चलते मौसम में दिन भर ठंडक रही और धूप न होने के कारण तपन का असर कम रहा. लेकिन जैसे ही आसमान से बादल हटेगे तेज गर्मी के साथ गर्म हवाएं शुरू हो जाएगी.

शनिवार तक मौसम खराब रहने का अलर्ट जारी किया गया था. सोमवार से मौसम साफ होने की उम्मीद है. किसानो की फसल खेत में पक कर खड़ी है और ओलावृष्टि का ड्र किसानो को सता रहा है. अभी तक रीवा में कही भी ओलावृष्टि नही हुई है. संभावना को देखते हुए किसान फसल की कटाई और मिजाई में लगे हुए है ताकि गेंहू अंदर चला जाए और आर्थिक नुकसान न हो.

### अप्रैल 1970 में पहुंचा था 45 डिग्री तापमान

अप्रैल के महीने में तापमान बढ़ने के साथ गर्मी चरम पर पहुंचने लगती है. लेकिन कई दिनो से आसमान में बादल बने हुए है और तापमान में गिरावट के साथ उमस भरी गर्मी बनी हुई है. पिछले वर्षो के आकड़ो पर अगर नजर डाले तो वर्ष 20 अप्रैल 1970 को उच्चतम अधिकतम तापमान 45 डिग्री दर्ज किया गया था और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री 6 अप्रैल 2013 को दर्ज किया गया था. इसके साथ ही सर्वाधिक कुल मानसिक वर्षा 45 मि.मी वर्ष 1971 को दर्ज की गई थी. इसके साथ ही 24 घंटे में सर्वाधिक वर्षा 35 .8 मि.मी 25 अप्रैल 1988 में दर्ज की गई थी.

# सूने घर से चोरों ने पार किये नगदी और लाखों के जेवरात

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 3 अप्रैल, मऊगंज जिले के वार्ड 3 में स्थित एक सूने आवास में चोरों ने धावा बोलते हुए हजारों की नगदी सहित लाखों जेवरात पार कर दिए हैं. घटना की रात पीड़ित परिवार रिश्तेदारी में गया हुआ था, तभी अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की इस वारदात को अंजाम दे डाला.**

घटना की जानकारी पीड़ित को उसके मकान मालिक द्वारा दी गई, इसके बाद पीड़ित जब अपने किराए के मकान में पहुंचा तो उसके होश उड़ गए. पीड़ित की माने तो चोरों ने घर की अलमारी में रखी 45 हजार रुपयों की नगदी समेत करीब 4 से 5 लाख अधिक कीमती जेवरात भी पार कर दिए हैं. फिलहाल पीड़ित ने मऊगंज थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने मामले को जांच में लेते हुए चोरों की पता तलाश शुरू कर दी है.दरअसल चोरी की यह घटना मऊगंज के वार्ड क्रमांक 3 में स्थित हॉस्पिटल कॉलोनी में किराए से रहने वाले प्रणव कुमार सिंह के घर में हुई है. पुलिस को जानकारी देते हुए पीड़ित ने बताया है कि 1 अप्रैल की रात वह अपने परिवार के साथ रिश्तेदारी में बहेरा डाबर गया हुआ था. दूसरे दिन मकान मालिक अब्दुल कासीद सिद्दीकी ने उसे फोन पर घर का ताला टूटा होने की जानकारी दी, इसके बाद पीड़ित अपने घर पहुंचा तो उसके कमरे में रखी अलमारी का सामान बिखरा हुआ था और उसमें रखे सोने चांदी के जेवरात सहित नगदी रुपए गायब थे. पीड़ित की माने तो चोरों ने घर से 45 हजार रूपयो की नगदी समेत सोने का एक मंगलसूत्र, सोने की दो चैन, दो अंगूठी, कान का झुमका और 6 नग चांदी की पायल पर कर दी है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

# वायरल वीडियो पर एक्शन, अस्पताल में मारपीट करने वाले चिंहित

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 3 अप्रैल, रीवा के संजय गांधी अस्पताल परिसर में निजी एंबुलेंस चालकों के बीच हुई मारपीट की घटना का वीडियो वायरल होने के बाद अब पुलिस एक्शन मूड में है.**

अमहिया थाना पुलिस ने वीडियो में मारपीट करते नजर आ रहे लोगों को चिन्हित कर उनकी धड़पकड़ शुरू कर दी है. फिलहाल मामले में कुछ संदेहियो को पकड़कर उनसे पूछताछ की जा रही है. दरअसल एक दिन पूर्व संजय गांधी अस्पताल परिसर में निजी एंबुलेंस चालकों के बीच हुई मारपीट का एक वीडियो वायरल हुआ था. बताया गया कि एंबुलेंस चालकों के बीच प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ मनमाना वसूली को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हुई थी. अमहिया थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ने बताया की वायरल वीडियो मामले में मारपीट करते नजर आ रहे लोगों को चिन्हित कर उनकी धड़पकड़ शुरू कर दी गई है, जिनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी. थाना प्रभारी ने बताया की इस तरह की विवाद की स्थिति निर्मित ना हो इसके लिए पूर्व में भी कई बार निजी एंबुलेंस चालकों को समझाइस दी जा चुकी है, बावजूद इसके अगर कोई भी शांति भंग करते मिला तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. इसके पूर्व भी अस्पताल में कई बार विवाद हो चुका है. यह बात और है कि मामला थाने तक नही पहुंचा.

# नौ कुंडीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ शुरू

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 3 अप्रैल, शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में मातृ छाया पड़रा रीवा में 2 से 5 अप्रैल तक आयोजित नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ मेआज द्वितीय दिवस में प्रातः 8:00 बजे से देव पूजन तथा गायत्री महायज्ञ प्रारंभ हुआ.**

कार्यक्रम के मुख्य यजमान श्रीमती सावित्री मिश्रा एवं एमपी मिश्रा रहे. शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि प्रभाकान्त तिवारी ने अपने उद्बोधन में इस महायज्ञ श्रृंखला को आध्यात्मिक एकता सामाजिक सद्भाव और सांस्कृतिक गौरव का संगम बताया. गायत्री मंत्र के 24 अक्षर 24 सिद्धियो एवं शक्तियों के प्रतीक है जो मानव जीवन को ऊर्जा सदाचार एवं शक्ति प्रदान करते हैं. टोली के सदस्य प्रखर एवं प्रत्यूष पांडे ने शानदार युग संगीत प्रस्तुत किया.

### थाने का औचक निरीक्षण करने देर रात पहुंचे एसपी

रीवा, मऊगंज जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पुलिस अब पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रही है. जब आम लोग रात में अपने घरों में चैन की नींद सो रहे थे, उसी समय पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी खुद मैदान में उतरकर हालात का जायजा ले रहे थे. देर रात करीब 12 बजे एसपी दिलीप सोनी ने लौर थाने का औचक निरीक्षण किया. उनके अचानक पहुंचने से थाना स्टाफ में हलचल मच गई और तत्परता के साथ व्यवस्थाओं की समीक्षा शुरू हुई. निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों से चर्चा कर विशेष रूप से महिला संबंधी अपराधों पर सख्त नियंत्रण के निर्देश दिए.

## संक्षिप्त

### उप मुख्यमंत्री ने महाकालेश्वर भगवान के दर्शन किए



**रीवा**. उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर के दर्शन एवं पूजन कर प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना की. दर्शन उपरांत महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उप प्रशासक एस.एन. सोनी द्वारा उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ल का स्वागत एवं सत्कार किया गया.

### जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक 6 को

**मऊगंज**. मऊगंज जिले में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक 6 अप्रैल को दोपहर 2 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई है. बैठक की अध्यक्षता राज्यमंत्री पशुपालन एवं डेयरी (स्वतंत्र प्रभार) तथा जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल करेंगे. कलेक्टर संजय कुमार जैन ने बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी के साथ अनिवार्यत: उपस्थिति के निर्देश दिए हैं.

### विद्यार्थियों के बीच पहुंचेंगे अधिकारी

**मऊगंज**. जिले के सभी विद्यालयों में नवीन शिक्षा सत्र प्रारंभ हो चुका है. स्कूल चलें हम अभियान के तहत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम चार अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है. कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने अभियान के तहत भविष्य से भेंट कार्यक्रम में विभिन्न विभागीय अधिकारियों को चार अप्रैल को विद्यार्थियों के बीच पहुंचकर उन्हें मार्गदर्शन देने को कहा है. भविष्य से भेंट कार्यक्रम में अधिकारी विद्यार्थियों के बीच एक कालखंड का समय बिताएंगे और उन्हें अपना अनुभव सुनाएंगे. इसके साथ ही अधिकारी बच्चों को अपने प्रेरणादायी उद्बोधन से उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति हेतु मार्गदशन करेंगे. कार्यक्रम में अधिकारी विद्यार्थियों अथवा विद्यालय को उपयोगी वस्तुएं भेंट कर सकेंगे. कलेक्टर ने कहा है कि सभी अधिकारी बच्चों के बीच पहुंचने के फोटोग्राफ्स और प्रतिवेदन बीईओ शत्रुधन प्रसाद मिश्र को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं.

### फल सब्जी की दुकानें लगेगी पुरानी गल्ला मंडी में

**चाकघाट**. नगर की सड़कों को अतिक्रमण से मुक्ति दिलाने एवं सड़कों पर हो रहे अतिक्रमण को रोकने के लिए चाकघाट का नगर परिषद प्रशासन एवं थाना प्रभारी ने संयुक्त अभियान चलाकर फलों एवं सब्जियों आदि के व्यापारियों को जो सड़क के किनारे पटरी पर दुकान लगाते हैं उनके लिए पुरानी गल्ला मंडी का स्थान सुनिश्चित किया गया है. इस सिलसिले में आज दोपहर थाना प्रभारी अपने बल के साथ एवं नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी अजय पांडे अपने कार्यालय सहायकों के साथ स्थल निरीक्षण किया. सब्जी एवं फल आदि का व्यापार करने वाले लोग जिनकी वजह से सड़क पर आवागमन बाधित होता है उन सबके लिए रामलीला प्रकरण पुरानी गल्ला मंडी में स्थान दिया गया है. अधिकारियों ने आज 31 मार्च को व्यापारियों से इस विषय में चर्चा की तथा उनके लिए स्थान सुनिश्चित किए जाने की बात कही. ऐसा माना जा रहा है आगामी दिनों से नगर में सड़क के किनारे लगने वाली दुकाने पुरानी गल्ला मंडी में लगने लगेंगी.

### युवक-युवती परिचय सम्मेलन कल

**गुढ़**. अखिल भारतीय श्री खरे वैश्य समाज महासभा के तत्वाधान में विवाह योग्य युवक-युवतियों का विवाह पूर्व परिचय सम्मेलन एवं सामाजिक परिचर्चा का आयोजन रविवार 05 अप्रैल को प्रात: 10 बजे से सायं 05 बजे तक श्री भागवत पैलेस गुढ़ में आयोजित किया जाएगा. आयोजकों ने बताया कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों एवं उनके अभिभावकों को एक सशक्त मंच प्रदान करना है, जहां पारिवारिक परिचय, आपसी संवाद करेगे.

# घर में अकेली नाबालिक से दुष्कर्म का प्रयास

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 3 अप्रैल, रीवा के एक थाना अन्तर्गत बीते दिवस एक आरोपी के द्वारा 12 साल के बच्ची को हवस का शिकार बनाने का प्रयास किया गया. किशोरी की हिम्मत के आगे आरोपी के हौसले टूट गए और वह फरार हो गया.**

घटना के संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि पीड़िता के परिजन ठेला लगाकर खाने पीने का सामान बेचते है. घटना दिवस 2 अप्रैल को जब उसके मां-बाप किराना का सामान लेने बाजार गए हुए थे तभी आरोपी शकील खान फ्रूटी खरीदने पहुंच गया. जब 12 साल की बच्ची फ्रूटी लेने के लिए घर के अंदर गई आरोपी भी घर के अंदर प्रवेश कर गया और उसके साथ जबरदस्ती करने लगा, किशोरी के चीखने के बाद आरोपी भाग निकला.

घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुड़ गई और कुछ इस समय बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया.

# हेमू कालानी चौक पर धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 3 अप्रैल, विश्व हिंदू परिषद ,नगर विजयादशमी उत्सव समिति ,एवं सिंधु यूथ विंग के संयुक्त तत्वाधान में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया.**



इस शुभ अवसर पर शहर के मध्य हेमू कलाणी चौक स्वागत भवन के सामने हनुमान चालीसा और बजरंग बाण का सामूहिक पाठ किया गया साथ ही भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया कलाकारों द्वारा मनमोहक भजन प्रस्तुत की गई. जिसमें श्रोता झूमते रहे भजन संध्या के साथ प्रसाद का वितरण किया गया. साथ ही हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में निकाली गई यात्रा का भी आरती कर स्वागत किया गया. कार्यक्रम में विशेष रूप से जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, सिरमौर विधायक दिव्यराज सिंह, वेंकटेश पांडे, प्रहलाद सिंह, संतुलाल आहूजा, सियाराम गुप्ता, प्रभात दीक्षित गुड्डु, अमित डिगवानी,प्रमोद दीक्षित, कन्हैया लाल मंगलानी, अतुल जैन, दिव्यांशु गौतम, पप्पू मंजानी महेश थारवानी,सचिन डूडानी, शरद साहू, राजेश सिंह, आनंदमूर्ति, हरीश ढींगरा, रिचा मिश्रा, जलसा, चंदू खुशलानी, नरेश काली ,अखिलेश शुक्ला, रमेश सचदेवा महेश कोटवानी अजय माधवानी, अनिल आदि मौजूद रहे. समिति के अध्यक्ष प्रकाश तारानी ने सभी का आभार व्यक्त किया.

# चोर ने बेचा सामान, खरीददार ने कहा नहीं लिया

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 3 अप्रैल, रीवा जिले के लालगांव चौकी क्षेत्र में हुई लॉकेट चोरी की घटना में माल बरामद करने से पहले ही चोरी का सामान खरीदने के आरोपी ज्वेलर्स ने पुलिस पर ही आरोप लगा दिया.**

31 मार्च को प्रीति साकेत नामक महिला के द्वारा सोने की लॉकेट चोरी होने की शिकायत चौकी में की गई थी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया लेकिन चोरी का माल बरामद करने में पुलिस असफल साबित हुई. दरअसल आरोपी रविनेश साकेत ने बताया कि उसने चोरी की है और सोने की लॉकेट उसके द्वारा शिवम ज्वेलर्स में बेचा गया है. पुलिस दुकान संचालक बालकृष्ण सोनी को चौकी लाई. पूछताछ के बाद दुकान संचालक को सामान लेने घर भेजा गया. लेकिन वह पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच गया. पुलिस अधीक्षक से की गई शिकायत में दुकान संचालक ने चौकी में पदस्थ मुंशी और आरक्षक के ऊपर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया और चोरी का सामान खरीदने से इनकार करने लगा. इधर पुलिस पर लगे आप के बाद चोरी के आरोपी ने भी बताया कि उसके द्वारा 1200 में लॉकेट शिवम ज्वेलर्स में ही बची है लेकिन अब इस पूरे मामले में पुलिस कटघरे में खड़ी होती नजर आ रही है. फिलहाल आरोपी को पुलिस ने न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है.

### रीवा संभाग में 15 अप्रैल से होगी गेंहू की खरीदी

रीवा, शासन द्वारा किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीदी की जाती है. रबी विपणन वर्ष 2026-27 में रीवा संभाग में किसानों से 15 अप्रैल से गेंहू की खरीद की जाएगी. इस संबंध में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा संभाग के सभी कलेक्टर्स को निर्देश जारी कर दिए गए हैं.

# क्योटी जलप्रपात में फिर मिली लाश, शिनाख्त में जुटी पुलिस

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 3 अप्रैल, सिरमौर थाना क्षेत्र स्थित क्योटी जलप्रपात में आज एक बार फिर अज्ञात व्यक्ति की लाश देखी गई.**

जलप्रपात के नीचे चट्टान के बीच फंसी लाश को स्थानीय लोगों द्वारा देखा गया है. सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची, हालांकि मृतक कौन है और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई है यह अब तक साफ नहीं हो सका है. पुलिस फिलहाल आसपास के थानों में दर्ज हुई गुमशुदगी की शिकायतो की जानकारी जुटाकर संबंधित व्यक्ति के शव की पहचान करने का प्रयास कर रही है. तो इस वक्त की यह बड़ी खबर है रीवा से जहां रीवा के सिरमौर थाना क्षेत्र में स्थित क्योटी जलप्रपात में अज्ञात व्यक्ति की पानी में तैरती हुई लाश देखी गई है. घटनास्थल और शव की परिस्थितियों को देखकर पुलिस का मानना है घटना कई दिन पुरानी है. मृतक की सिनाख्त नही हुई है.




# शिक्षक सम्मेलन में पहुंचे विधायक सिद्धार्थ ने सुनी शिक्षकों की समस्याएं

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 3 अप्रैल, शासकीय शिक्षक संगठन त्योंथर के तत्वावधान में ग्राम चंद्रपुर में एक दिवसीय 'शिक्षक संगोष्ठी एवं शिक्षक सम्मेलन' का आयोजन किया गया. जिसमें त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी 'राज' मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए.**

संगठन के पदाधिकारियों ने स्वागत करते हुए उन्हें क्षेत्र की शैक्षणिक प्रगति और शिक्षकों की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया. सम्मेलन को संबोधित करते हुए विधायक सिद्धार्थ तिवारी 'राज' ने शिक्षकों को समाज का मार्गदर्शक बताते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका अद्वितीय है. उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारों को अपनाने और चंद्रपुर सहित पूरे त्योंथर क्षेत्र में बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करने पर जोर दिया. विधायक ने सम्मेलन में उपस्थित शिक्षकों की सेवा संबंधी समस्याओं और मांगों को संवेदनशीलता के साथ सुना और आश्वासन दिया कि वे इन मुद्दों को विधानसभा और शासन के स्तर पर मजबूती से उठाकर निराकरण का प्रयास करेंगे. संगोष्ठी में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और आगामी शैक्षणिक सत्र की कार्ययोजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई. इस अवसर पर कौशलेश द्विवेदी, गंगा द्विवेदी, डॉ अशोक पांडेय, समीर सिंह, घनश्याम यादव, ओम प्रकाश मिश्रा, मुकेश दुबे, चंद्रोदय मिश्रा, देव राज उपाध्याय मौजूद रहे.

# रीवा और मऊगंज के 1 .29 लाख परिवारों को मिलेगा शुद्ध पानी

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 3 अप्रैल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में ग्रामीण पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ बनाने की दिशा में लगातार ठोस कार्य किए जा रहे हैं.**



इसी क्रम में रीवा संभाग में मध्यप्रदेश जल निगम की परियोजना क्रियान्वयन इकाई, रीवा द्वारा संचालित रीवा समूह जल प्रदाय योजना ने महत्वपूर्ण प्रगति दर्ज की है. लगभग 2319.43 करोड़ रुपए की लागत से विकसित इस योजना में जल शोधन संयंत्र तक रॉ वाटर पहुंचाया जा चुका है, जिससे परियोजना के आगामी चरणों में गति मिलने की स्थिति बनी है. लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके के मार्गदर्शन में क्रियान्वित इस योजना के माध्यम से रीवा जिले के 677 ग्रामों और मऊगंज जिले के 936 ग्रामों के कुल 1613 ग्रामों को जोड़ा जा रहा है. योजना के पूर्ण होने पर लगभग 1.29 लाख ग्रामीण परिवारों को शुद्ध और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे इन क्षेत्रों में लंबे समय से बनी जल समस्या का समाधान संभव होगा. जल शोधन संयंत्र तक रॉ वाटर की आपूर्ति सुनिश्चित होना परियोजना के क्रियान्वयन का एक महत्वपूर्ण चरण है. इसके बाद जल शोधन और वितरण नेटवर्क के माध्यम से घर-घर पेयजल आपूर्ति की दिशा में कार्य को और गति दी जाएगी. योजना में गुणवत्ता, निरंतरता और दीर्घकालिक उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए कार्य किया जा रहा है.

### मार्च-अप्रैल और मई-जून का एक साथ मिलेगा राशन

रीवा, 3 अप्रैल, पात्र राशन कार्डधारियों को उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न दिया जा रहा है. उपभोक्ताओं को मार्च-अप्रैल तथा मई-जून माह का खाद्यान्न एक साथ दिया जाएगा. कलेक्टर ने बताया मार्च और अप्रैल माह का खाद्यान्न उचित मूल्य दुकानों में उपलब्ध कराकर इसका 15 अप्रैल तक वितरण किया जाएगा. सभी समय पर पहुंचकर खाद्यान्न प्राप्त करे.

# जमीन खोदकर निकाली कोरेक्स और शराब, एक गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 3 अप्रैल, रीवा में आबकारी पुलिस ने नशे के कारोबार का बड़ा भंडाफोड़ किया है. आबकारी पुलिस ने जमीन के भीतर छिपकर रखी गई नशे की खेप को जमीन खोदकर बाहर निकाला.**

आबकारी पुलिस ने जमीन के भीतर से तीन पेटी शराब के साथ-साथ एक बोरी नशीली कफ सिरप भी बरामद है. फिलहाल मौके से एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है, जिसके विरुद्ध आबकारी एक्ट सहित एनडीपीएस का प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी. दरअसल यह कार्रवाई आज आबकारी विभाग की टीम द्वारा जिले के मनगवां थाना क्षेत्र में स्थित मनिकवार पुलिस चौकी के डूंडा गांव में की गई है. आबकारी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर ग्राम ढूंढा निवासी रोहित जायसवाल के मकान में दबिश देकर तलाशी अभियान चलाया गया, जिस दौरान घर के समीप ही नशे का सामान जमीन के नीचे गड़ा मिला है.आबकारी पुलिस ने फिलहाल मौके पर ही जमीन खोदकर छिपाई गई शराब व सिरप जप्त किया है.